


पेज नं-3... प्राण-प्रतिष्ठा के बाद राममय हुआ देश-दुनिया का माहौल

# मालवा फर्स्ट

MALWA FIRST

स्वाभिमान ही हमारा अभिमान है

Periodicity- Weekly

RNI NO. MPHIN38290 (TC)

संपादक : ऐश्वर्य शर्मा ( पवन )

नीमच, बुधवार

24 जनवरी 2024

वर्ष 01, अंक 46, - मूल्य 02 रूपए




E-mail: nmh.pawan@gmail.com

Contact: 9407423966, 8770664866


Commodity: Gold 64,155 Silver 76,500 Crude Oil 6,386 Natural Gas 181.80 Aluminium 199.35 Copper 727.35

**शुभकामनाऐं**




भगवान श्री रामलला प्राण प्रतिष्ठा एवं ७५वे गणतंत्र दिवस की सभी पाठकों को हार्दिक शुभकामनाऐं एवं बधाई।

– संपादक

## जयपुर में जंतर मंतर, हवा महल की खूबसूरती को निहारेंगे मैक्रों

# 75वें गणतंत्र दिवस समारोह में मुख्य अतिथि होंगे फ्रांस के राष्ट्रपति



**मैक्रों 26 जनवरी को दिल्ली के कर्तव्य पथ पर 75वें गणतंत्र दिवस समारोह में मुख्य अतिथि होंगे जो इस प्रतिष्ठित वार्षिक समारोह की शोभा बढ़ाने वाले फ्रांस के छठे नेता बन जाएंगे।**

**जयपुर में मैक्रों द्विपक्षीय भारत-फ्रांस संबंधों और विभिन्न भूराजनीतिक बदलावों के सभी पहलुओं पर ताज रामबाग पैलेस में व्यापक बातचीत से पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ एक रोड शो में भी भाग लेंगे।**

**नई दिल्ली।** फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों गुरुवार को जयपुर के पहाड़ी किले आमेर, प्रतिष्ठित हवा महल और जंतर मंतर के खगोलीय अवलोकन स्थल का दौरा करके भारत की अपनी दो दिवसीय यात्रा की शुरुआत करेंगे।

मैक्रों 26 जनवरी को दिल्ली के कर्तव्य पथ पर 75वें गणतंत्र दिवस समारोह में मुख्य अतिथि होंगे, जो इस प्रतिष्ठित वार्षिक समारोह की शोभा बढ़ाने वाले फ्रांस के छठे नेता बन जाएंगे।

जयपुर में मैक्रों द्विपक्षीय भारत-फ्रांस संबंधों और विभिन्न भूराजनीतिक बदलावों के सभी पहलुओं पर ताज रामबाग पैलेस में व्यापक बातचीत से पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ एक रोड शो में भी भाग लेंगे।

**राष्ट्रपति मैक्रों एक रोड शो में लेंगे भाग**

जयपुर में, राष्ट्रपति मैक्रों एक रोड शो में भाग लेने के अलावा अंबर किला, जंतर मंतर, हवा महल का दौरा करेंगे, अधिकारियों ने अधिक जानकारी देने से इनकार कर दिया।

विदेश मंत्रालय के अनुसार, फ्रांसीसी राष्ट्रपति का विमान गुरुवार दोपहर 2.30 बजे जयपुर हवाई अड्डे पर उतरने वाला है और वह रात लगभग 8.50 बजे दिल्ली के लिए प्रस्थान करेंगे।

रोड शो शाम 6 बजे जंतर-मंतर इलाके में शुरू होने वाला है, जबकि पीएम मोदी और मैक्रों शाम 7.15 बजे अपनी बातचीत शुरू करने वाले हैं।

**कई मुद्दों पर होगी बातचीत**

सूत्रों ने जानकारी देते हुए बताया कि डिजिटल डोमेन, रक्षा, व्यापार, स्वच्छ ऊर्जा, युवा आदान-प्रदान, भारतीय छात्रों के लिए वीजा मानदंडों को आसान बनाने सहित कई क्षेत्रों में द्विपक्षीय सहयोग को बढ़ावा देने के तरीकों पर सकारात्मक बातचीत का फोकस रहेगा।

## मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने दत्त अखाड़ा और श्री हनुमंत आश्रम पहुंचकर प्राप्त किया आशीर्वाद




**भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने उज्जैन में क्षिप्रा तट स्थित दत्त अखाड़ा पहुंचकर श्री सुंदरपुरी महाराज जी से भेंट की तथा आशीर्वाद प्राप्त किया। इसके साथ ही मुख्यमंत्री डॉ. यादव श्री हनुमंत आश्रम में श्री हजारी हनुमान मंदिर में दर्शन व पूजन करने पहुंचे और गौ-सेवा कर जगत कल्याणी गौ-माता को प्रणाम भी किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने प्रदेशवासियों के सुख, समृद्धि एवं खुशहाली की कामना की।

**संत समाज के आशीर्वाद से राज्य सरकार जनकल्याण और विकास के कार्यों में नए आयाम स्थापित करेगी**

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने मीडिया के प्रतिनिधियों से चर्चा में कहा कि उज्जैनी देवताओं और संत-महात्माओं की नगरी है। उज्जैन में संतों के माध्यम से सेवाओं के कई कार्य चल रहे हैं। सनातन संस्कृति की रक्षा में संतों का योगदान अद्वितीय है। संत समाज के आशीर्वाद से राज्य सरकार जनकल्याण और विकास के कार्यों में नए आयाम स्थापित करेगी।





# प्राण-प्रतिष्ठा के बाद राममय हुआ देश-दुनिया का माहौल, भक्ति की बही रसधार

## प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने प्राण प्रतिष्ठा अनुष्ठान में हिस्सा लिया और रामलला को साष्टांग दण्डवत किया

भगवान राम की नगरी अयोध्या में रामलला की प्रतिमा के प्राण प्रतिष्ठा समारोह में हिस्सा लेने के लिए देश-विदेश से कई दिग्गज पहुंचे हुए हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने प्राण प्रतिष्ठा अनुष्ठान में हिस्सा लिया और रामलला को साष्टांग दण्डवत किया।

अयोध्या के भव्य राम मंदिर में विराजमान हुए रामलला।

अयोध्या- अयोध्या के राम मंदिर में आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, RSS प्रमुख मोहन भागवत एवं अन्य गणमान्य अतिथियों की मौजूदगी में रामलला की प्रतिमा की प्राण-प्रतिष्ठा की गई। इस ऐतिहासिक समारोह के भव्य आयोजन के लिए अयोध्या नगरी दुल्हन की तरह सज-धजकर तैयार है। करोड़ों लोग टेलीविजन और ऑनलाइन मंचों पर इस कार्यक्रम का सीधा प्रसारण देख रहे हैं। यह मंदिर समारोह के अगले दिन ही आमजन के लिए खोल दिया जाएगा। इंडिया टीवी इस भव्य समारोह का संपूर्ण कवरेज कर रहा है और इससे जुड़ी हर जरूरी जानकारी आप तक पहुंचा रहा है। राम मंदिर में प्राण-प्रतिष्ठा समारोह विधिपूर्वक संपन्न हुआ।







**श्रीनगर में लोगों ने शंकराचार्य मंदिर के दर्शन किए**

अयोध्या में राम मंदिर की प्राण-प्रतिष्ठा के मौके पर आज जम्मू एवं कश्मीर की राजधानी श्रीनगर में लोगों ने शंकराचार्य मंदिर के दर्शन किए। इस मौके पर यहां विशेष पूजा-अर्चना की गई।

**राम दिन में ओरछा में रहते हैं, रात में अयोध्या जाते हैं**

मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव ने ओरछा में कहा, आज भगवान राम का अयोध्या में उनके घर में प्रवेश हुआ और उनकी प्राण-प्रतिष्ठा हुई, मुझे इस बात की प्रसन्नता है... ऐसी मान्यता है कि दिन में भगवान राम यहां ओरछा में रहते हैं और रात के समय अयोध्या जाते हैं...।

**प्राण-प्रतिष्ठा में शामिल हुए बॉलीवुड स्टार्स, तस्वीर के लिए दिया पोज**

उत्तर प्रदेश के अयोध्या में राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा समारोह में आज कई बॉलीवुड हस्तियां शामिल हुईं। निर्देशक रोहित शेट्टी और राजकुमार हिरानी, अभिनेत्री माधुरी दीक्षित नेने, आलिया भट्ट-रणबीर कपूर, कैटरीना कैफ-विक्की कौशल और आयुष्मान खुराना ने कार्यक्रम स्थल पर एक तस्वीर के लिए पोज दिया।

**हम सब पर प्रभु श्री राम का आशीर्वाद है- नरेंद्र मोदी**

नरेंद्र मोदी ने अपने संबोधन में कहा, हमारे राम लला अब टेंट में नहीं रहेंगे, वे अब दिव्य मंदिर में रहेंगे। मेरा पक्का विश्वास है कि जो घटित हुआ है उसकी अनुभूति देश और दुनिया के कोने-कोने में रामभक्तों को हो रही होगी। यह क्षण अलौकिक है... यह माहौल, यह घड़ी हम सब पर प्रभु श्री राम का आशीर्वाद है।

**हमारे रामलला अब टेंट में नहीं रहेंगे- पीएम मोदी**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रामलला की प्राण-प्रतिष्ठा के बाद लोगों को संबोधित करते हुए कहा, आप सभी को राम-राम। सदियों के बलिदान के बाद हमारे राम आ गए। हमारे रामलला अब टेंट में नहीं रहेंगे। हमारे रामलला अब दिव्य मंदिर में रहेंगे।



**RSS प्रमुख मोहन भागवत ने कहा, आज भारत का स्व लौटकर आया है**

RSS प्रमुख मोहन भागवत ने प्राण प्रतिष्ठा के बाद कहा, आज अयोध्या में रामलला के साथ भारत का स्व लौटकर आया है। मोहन भागवत ने कहा कि मन में जो भावनाएं हैं उन्हें व्यक्त करना बहुत मुश्किल है। उन्होंने रामलला के प्राण प्रतिष्ठा अनुष्ठान के लिए पीएम नरेंद्र मोदी द्वारा किए गए कठोर तप का जिक्र किया।

**हर जुबान राम नाम जप रही है- योगी आदित्यनाथ**

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा, प्रभु राम लला के भव्य, दिव्य और नव्य धाम में विराजने की आप सभी को कोटि-कोटि बधाई। मन भावुक है। निश्चित रूप से आप सब भी ऐसा महसूस कर रहे होंगे। आज इस ऐतिहासिक अवसर पर भारत का हर नगर, हर ग्राम अयोध्या धाम है। हर मन में राम नाम है। हर आंख हर्ष और संतोष के आंसू से भीगी है। हर जुबान राम नाम जप रही है।

**हर जुबान राम नाम जप रही है- योगी आदित्यनाथ**

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा, %प्रभु राम लला के भव्य, दिव्य और नव्य धाम में विराजने की आप सभी को कोटि-कोटि बधाई। मन भावुक है। निश्चित रूप से आप सब भी ऐसा महसूस कर रहे होंगे। आज इस ऐतिहासिक अवसर पर भारत का हर नगर, हर ग्राम अयोध्या धाम है। हर मन में राम नाम है। हर आंख हर्ष और संतोष के आंसू से भीगी है। हर जुबान राम नाम जप रही है।

**मंदिर वहीं बना है जहां बनाने का संकल्प लिया था- योगी आदित्यनाथ**

योगी आदित्यनाथ ने अपने संबोधन में कहा, संतोष के भाव हैं। आखिर भारत को इसी दिन की प्रतीक्षा थी। लगभग 5 शताब्दी व्यतीत हो गई किंतु प्रतीक्षा का क्रम सतत जारी रहा। आज आत्मा प्रफुल्लित है इस बात से कि मंदिर वहीं बना है, जहां बनाने का संकल्प लिया था। भावनाओं को व्यक्त करने के लिए शब्द नहीं मिल रहे- योगी आदित्यनाथ प्राण प्रतिष्ठा अनुष्ठान के बाद लोगों को संबोधित करते हुए उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा, 500 वर्षों के लंबे अंतराल के बाद आज अंतर्मन की भावनाएं कुछ ऐसी हैं कि उन्हें व्यक्त करने के लिए शब्द नहीं मिल रहे हैं। निश्चित रूप में आप लोग भी ऐसा ही महसूस कर रहे होंगे। पूरा माहौल राममय है। ऐसा लगता है हम त्रेतायुग में आ गए हैं।





**प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 11 दिन का व्रत तोड़ा**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने राम मंदिर में रामलला की प्रतिमा के प्राण प्रतिष्ठा अनुष्ठान के लिए रखे गए 11 दिन के व्रत को तोड़ दिया है। प्रधानमंत्री ने 11 दिनों तक व्रत का पूरे विधि-विधान से पालन किया।

**प्राण प्रतिष्ठा के बाद भावुक हुए सोनू निगम**


श्री राम जन्मभूमि मंदिर में भगवान रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के बाद गायक सोनू निगम भावुक हुए।

**मैं नाच रही थी और मेरी आंखों से खुशी के आंसू बह रहे थे- मालिनी अवस्थी**

लोकगायिका और पद्म पुरस्कार से सम्मानित मालिनी अवस्थी ने कहा, मैं निशब्द हूं। मैं नाच रही थी और मेरी आंखों से खुशी के आंसू बह रहे थे। (रामलला का) कितना दिव्य रूप है! हम भाग्यशाली हैं कि हम टेक्नॉलजी के युग में हैं और इसे घर बैठे-बैठे देख सकते हैं।

























# ज्ञानोदय इंटरनेशनल स्कूल में भव्य स्पोर्ट्स मीट आयोजन

**नीमच ।** ज्ञानोदय इंटरनेशनल स्कूल में गत दो दिनों से चल रहे वार्षिक मेगा खेल में महोत्सव का समापन 20.01.2024 शनिवार को ज्ञानोदय इंस्टीट्यूट सुवाखेड़ा में पूर्ण भव्यता के साथ सम्पन्न हुआ । खेल महोत्सव में पिछले दो दिनों से विद्यालय के सेकड़ो विद्यार्थियो ने अपने दमखम का प्रदर्शन विभिन्न ट्रैक एंड फील्ड प्रतियोगितओं के अंतर्गत किया । विशाल खेल का मैदान रंग.बिरंगे झंडों और अच्छी तरह से बिछाए गए ट्रैक के साथ उत्सव जैसा लग रहा था। प्रथम दिन कक्षा नर्सरी से कक्षा दूसरी तक के विद्यार्थियो की विभिन्न फॉरवर्ड रनिंगए बनाना रेस 50 मीटर हर्डल रेस लेमन - स्पून रेसए 50 मीटर शटल रेस 250 मीटर रिले रेस प्रतियोगिता आयोजित की गई जिसमें नन्हें दृमुन्नों का जोश देखते ही बनता था । खेल महोत्सव के अंतिम दूसरे दिन कक्षा तीसरी से लेकर 12 वी तक के विद्यार्थियो की विभिन्न ट्रैक एंड फील्ड प्रतियोगिता आयोजित की गई जिसमे 100 मीटर रेस 200 मीटर रेसए 400 मीटर रेस 4 ग् 100 मीटर रिले रेस शॉट पुटए 4 ग् 50 मीटर रिले रेस जैसी अनेक स्पर्धाएँ आयोजित गई । जिसमें विद्यालय के विद्यार्थियो ने अपनेृअपने हाउस के फ्लेग के तहत प्रतियोगिताएँ में भाग लेकर अपने दमखम का प्रदर्शन किये । इन खेलों का उदेद्श्य विद्यार्थियो में सच्ची खेल भावना की स्थापना के साथ उन्हें जीवन की प्रतियोगिताओ की दृष्टि से सक्षम बनाना है । प्रतियोगिताओ में विजयी खिलाडियों को पदक व प्रशस्ति पत्र प्रदान किये गए । इस अवसर पर ज्ञानोदय रुप ऑफ़ इंस्टीट्यूट के चेयरमेन श्री अनिल जी चौरसिया सभा को संबोधित किया और प्रतिभागियों को अपनी शुभकामनाएं दीं उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि जीतना महत्वपूर्ण नहीं हैए सच्ची खेल भावना के साथ भाग लेने की इच्छाशक्ति की आवश्यकता है। ज्ञानोदय शिक्षण समिति की डायरेक्टर महोदया श्रीमती डॉ.माधुरी जी चौरसिया ने अपने भाषण में खेलों में भाग लेने पर जोर दिया क्योंकि वे छात्रों में अच्छी आदतें आत्मविश्वास और अनुशासन पैदा करते हैं। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि मुख्य अतिथि श्रीमती सावित्री मालवीय जिला खेल अधिकारीद्ध ने बच्चों को जीवन में लक्ष्य निधारित कर उस दिशा में प्रयास करने की प्रेरणा दी संस्था के चेयरमेन अनिल जी चौरसिया ज्ञानोदय शिक्षण समिति की डायरेक्टर महोदया श्रीमती डॉ.माधुरी जी चौरसिया व विशेष अतिथि श्रीमती मीनाक्षी सिसोदिया श्रीमती मीरा थापा डॉ पृथ्वी सिंह वर्माए श्री कर्षण राव भी उपस्थित थे । विद्यालय की निदेशिका डॉ.गरिमा चौरसिया व प्राचार्य श्री सरिष जोस ने विजेताओ को बधाई देते हुए सभी विद्यार्थियों को भविष्य की अग्रिम शुभकामनाएँ दी साथ ही कार्यक्रम की सफलता पर हर्ष व्यक्त किया। समापन समारोह का संचालन सुधीर निमावात एवं व्यायाम स्कूल खेल विभाग से श्री किशन पालए सत्येंद्र पाल श्री मयंक सैनीए श्रीमती रीना कल्याणी इमरान अली विशेष सहयोग रहा ।




# सहस्त्रों दीप ज्योति से अंकित राम नाम ने वेदपीठ परिसर को राम नगरी बनाया



**निंबाहेड़ा ।** जन-जन आराध्य प्रभु श्री रामलला के भव्य मंदिर में विराजने एवं प्राण प्रतिष्ठा के उपलक्ष्य में श्री कल्लाजी वेदपीठ एवं शोध संस्थान तथा श्री कल्लाजी मंदिर न्यास की ओर से सोमवार की संध्या वेला में वेदपीठ परिसर में 11 हजार दीप ज्योति से राम नाम अंकित कर समूचे परिसर को आलौकित करते हुए ऐसा परिदृश्य तैयार किया मानो समूचा परिसर ही राम नगरी बन गया हो। इस मौके पर वेदपीठ के आचार्यों, बटुकों, वीर वीरांगनाओं, कृष्णा शक्ति दल की माता बहनों एवं कल्याण भक्तों ने पूरे उत्साह के साथ सहस्त्रों दीप ज्योति प्रकट करने व उनसे राम नाम की शोभा बढ़ाने का अनुकरणीय कार्य किया। जिसे देखकर हजारों लोग चकित हो गए। हर कोई ऐसे दृश्य को कैमरों में कैद करते नजर आया। इस बीच बड़ी संख्या में मौजूद राम भक्तों ने जय श्रीराम के उद्घोष के साथ गगनभेदी नारे लगाकर वातावरण को राममय बना दिया। इसी दौर में निंबाहेड़ा के ढ़ाबेश्वर महादेव से जुड़े भस्म रमैया भक्त मंडल द्वारा ढोल ताशों के साथ पारंपरिक वाद्य वादन कर समूचे वातावरण को भक्ति मय बना दिया। इस अनूठे आयोजन के हजारों साक्षी प्रभु श्री राम के रंग में रंगते नजर आए।

**संध्या महाआरती में उमड़ा श्रद्धा सैलाब**

कल्याण नगरी के राजाधिराज ठाकुर श्री कल्लाजी के रामरूप में दर्शन के साथ ही संध्या महाआरती के दौरान हजारों श्रद्धालु उमड़ पड़े। इस दौरान महाआरती में भाग लेकर कई भक्तों ने स्वयं धन्य किया। सहस्त्र दीप ज्योति से महाआरती करते हुए सभी ने यह कामना की कि प्रभु श्रीराम देश, प्रदेश व जिले में सुख, शांति, और समृद्धि का आशीर्वाद देंगे। इस मौके पर वेदपीठ की ओर से श्रद्धालुओं को महाप्रसाद का वितरण किया गया।

**कल्याण चौक में 11 हजार हनुमान चालीसा के समवेत स्वर में पाठ**

वेदपीठ की ओर से आनंदोत्सव को रामोत्सव रूप में मनाने के लिए संध्या वेला में कल्याण चौक पर 11 हजार सामूहिक हनुमान चालीसा पाठ का भव्य आयोजन किया गया। जिसमें एक हजार से अधिक श्रद्धालुओं ने समवेत स्वर में हनुमान चालीसा पाठ के एकादश आवृति करते हुए समवेत स्वर में ऐसी प्रस्तुति दी मानों राम भक्त हनुमान इस परिसर में साक्षात प्रकट हो गए हो, इसी दौरान विधायक श्रीचन्द कृपलानी ने कार्यक्रम में पहुंच कर सभी को श्रीरामलला की प्राण प्रतिष्ठा के पावन अवसर की बधाईयां देते हुए कहा कि वेदपीठ के इस अनूठे आयोजन ने कल्याण नगरी में एक नया इतिहास रचा है। जिसमें एकसाथ 11 हजार दीप ज्योति एवं इतने ही हनुमान चालीसा के पाठ किए गए। कृपलानी के साथ पूर्व विधायक अशोक नवलखा, नगर अध्यक्ष नितिन चतुर्वेदी, देवकरण समदानी, निलेश मेहता सहित भाजपा पदाधिकारी मौजूद थे। इस मौके पर कृपलानी एवं वेदपीठ के पदाधिकारियों ने 36 कार सेवकों का तुलसी माला व उपरणा ओढ़ाकर सम्मान किया। इस दौरान दिवंगत कारसेवकों को भावभिनी श्रद्धांजलि अर्पित की गई।

**गौ माता को लगाया 3 क्विंटल लापसी का भोग**

प्रभु श्रीरामलला के अपने भव्य मंदिर में विराजमान होने के पावन अवसर पर कल्लाजी वेदपीठ एवं गौनन्दन परिवार के संयुक्त तत्वावधान में मंगलवार को कल्याण गौशाला में 3 क्विंटल लापसी का भोग गौमाता को लगाया गया। इस दौरान कथा व्यास पंडित विकास नागदा एवं उनके सहयोगियों ने पूरी श्रद्धा भाव के साथ गायों को लापसी खिलाकर आशीर्वाद लिया।

**35 कार सेवकों का हुआ सम्मान**

श्रीरामलला की प्राण प्रतिष्ठा के पावन अवसर पर कल्लाजी वेदपीठ की ओर से 36 कार सेवकों शांतिलाल लोढ़ा, रामपाल काबरा, राधेश्याम जोशी, रमेश पिरीया, श्रवणकुमार पंड्या, श्रीचन्द कृपलानी, रामप्रसाद वैष्णव कानाजी कुण्ड, राधेश्याम धाकड़, रविशंकर बाहेती, चैनराम बैरवा, नवीनकुमार शर्मा, मेवाराम खटीक, बालूलाल सुखवाल, मुरलीधर जयपुर, गीतालाल, सुरेश अग्रवाल, श्याम अग्रवाल, रामलाल भराड़िया, रमेश पंडित, सुरेश सुखवाल, रतनसिंह राठौड़, धर्मेन्द्र तेली, अभय सिसोदिया, धर्मनारायण भारद्वाज, उदयलाल, चुन्नीलाल, अशोक जायसवाल कनेरा, घीसूलाल, सोहनलाल कनेरा, श्यामलाल वैष्णव, शांतिलाल वैष्णव का सम्मान किया गया।

# शिव पार्वती प्रसंग सुनकर मंत्रमुग्ध हुए श्रद्धालु, दूसरे दिन श्रीमद् भागवत कथा का हुआ भव्य आयोजन

नीमच। ग्राम डुंगलावदा में इन दिनों तीर्थधाम जैसा नजारा दिख रहा है। यहां श्रीमद्भागवत कथा सुनने सेकड़ो श्रद्धालु पहुंच रहे हैं। भगवान के जयकारे लगातार लग रहे हैं। कथा के दौरान राधे राधे की गूंज पूरे इलाके में गूंज रही हैं। पंडित शिवजी महाराज के श्रीमुख से श्रीमद भागवत कथा सुन श्रद्धालु धन्य हो रहे हैं। बांके बिहारी की मूर्ति के समक्ष शीश झुका प्रणाम करके कथा स्थल पर कथा सुनने जा रहे हैं। मंगलवार को कथा का दूसरा दिवस था। भूरालाल प्रजापति परिवार द्वारा इस आयोजन में दूसरे दिवस पर गणेश वंदना, हनुमान चालीसा एवं दिव्य मंत्रो के साथ श्रीमद भागवत कथा की शुरुआत की गई।

भागवत कथा के दूसरे दिन शुकदेव की वंदना के बारे में वर्णन करते हुए कहा कि श्रीमद्भागवत की अमर कथा एवं शुकदेव के जन्म का विस्तार से वर्णन किया। कैसे श्रीकृष्ण ने शुकदेव महाराज को धरती पर भेजा भागवत कथा गायन करने को ताकि कलियुग के लोगों का कल्याण हो सके।

शिवजी ने कथा वाचन करते हुए कहा कि भगवान मानव को जन्म देने से पहले कहते हैं ऐसा कर्म करना जिससे दोबारा जन्म ना लेना पड़े। मानव मुट्ठी बंद करके यह संकल्प दोहराते हुए इस पृथ्वी पर जन्म लेता है। प्रभु भागवत कथा के माध्यम से मानव का यह संकल्प याद दिलाते रहते हैं। भागवत सुनने वालों का भगवान हमेशा कल्याण करते हैं। भागवत ने कहा है जो भगवान को प्रिय हो वही करो, हमेशा भगवान से मिलने का उद्देश्य बना लो, जो प्रभु का मार्ग हो उसे अपना लो, इस संसार में जन्म-मरण से मुक्ति भगवान की कथा ही दिला सकती है। भगवान की कथा विचार, वैराग्य, ज्ञान और हरि से मिलने का मार्ग बता देती है। राजा परीक्षित के कारण भागवत कथा पृथ्वी के लोगों को सुनने का सौभाग्य प्राप्त हुआ। समाज द्वारा बनाए गए नियम गलत हो सकते हैं किंतु भगवान के नियम ना तो गलत हो सकते हैं और नहीं बदले जा सकते हैं। शुकदेव जी के जन्म के बारे में यह कहा जाता है कि ये महर्षि वेद व्यास के अयोनिज पुत्र थे और यह बारह वर्ष तक माता के गर्भ में रहे। भगवान शिव, पार्वती को अमर कथा सुना रहे थे। पार्वती जी को कथा सुनते-सुनते नींद आ गयी और उनकी जगह पर वहां बैठे सुकदेव जीने हुंकारी भरना प्रारम्भ कर दिया। जब भगवान शिव को यह बात ज्ञात हुई, तब उन्होंने शुकदेव को मारने के लिये दौड़े और उनके पीछे अपना त्रिशूल छोड़ा। शुकदेव जान बचाने के लिए तीनों लोकों में भागते रहै भागते-भागते वह व्यास जी के आश्रम में आये और सूक्ष्मरूप बनाकर उनकी पत्नी के मुख में घुस गए। वह उनके गर्भ में रह गए। ऐसा कहा जाता है कि ये बारह वर्ष तक गर्भ के बाहर ही नहीं निकले। जब भगवान श्रीकृष्ण ने स्वयं आकर इन्हें आश्वासन दिया कि बाहर निकलने पर तुम्हारे ऊपर माया का प्रभाव नहीं पड़ेगा, तभी ये गर्भ से बाहर निकले और व्यासजी के पुत्र कहलाये। गर्भ में ही इन्हें वेद, उपनिषद, दर्शन और पुराण आदि का सम्यक ज्ञान हो गया था। जन्म लेते ही ये बाल्य अवस्था में ही तप हेतु वन की ओर भागे, ऐसी उनकी संसार से विरक्त भावनाएं थी। परंतु वात्सल्य भाव से रोते हुए व्यास भी उनके पीछे भागे। मार्ग में एक जलाशय में कुछ कन्याएं स्नान कर रही थीं, उन्होंने जब शुकदेव महाराज को देखा तो अपनी अवस्था का ध्यान न रख कर शुकदेव का आशीर्वाद लिया। लेकिन जब शुकदेव के पीछे मोह में पड़े व्यास वहां पहुंचे तो सारी कन्याएं छुप गयीं।



ऐसी सांसारिक विरक्ति से शुकदेव महाराज ने तप प्रारम्भ किया। इस अवसर पर ग्राम डुंगलावदा स्थित कथा पांडाल में भीड़ का जत्था सराबोर दिखाई दिया, भक्ति में लीन होकर श्रद्धालू झुमते गाते दिखाई दिए।

**नगरपालिका परिषद नीमच द्वारा हुआ अयोध्यापति श्रीराम का मंचन-**

# राम वनवास व भरत मिलाप देख भावुक हुए श्रद्धालु



**नीमच।** अयोध्या में भगवान श्रीराम के प्राणप्रतिष्ठा महोत्सव के अवसर पर नगरपालिका परिषद नीमच द्वारा भी जिला प्रशासन के मार्गदर्शन व नपाध्यक्ष श्रीमती स्वाती गौरव चौपडा के नेतृत्व में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किये गये। आयोजित कार्यक्रमों में 21 व 22 जनवरी को भारतमाता चौराहे (फोर जीरो) पर रामलीला मे वेद नाट्य संस्था उज्जैन के कलाकारों द्वारा निर्देशक विकास चौहान के नेतृत्व में अयोध्यापति श्रीराम नाटक का मंचन किया गया। कार्यक्रम के अंतिम दिन 22 जनवरी को जहां अयोध्या में भव्य प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव आयोजित हुआ वहीं नीमच के भारत माता चौराहे पर कार्यक्रम की शुरूआत अतिथिगणों व शहरवासियों द्वारा 501 दीप प्रज्वलित कर दीपदान कार्यक्रम व प्रभु श्रीराम जी की आरती से की गई। इस दौरान विष्व रिकार्ड विजेता प्रख्यात चित्रकार राहुल देव लोहार ने हनुमान चालीसा की धुन पर प्रभु श्रीराम का चित्र केनवास पर बनाकर सभी को आशचर्य चकित कर दिया। रामलीला का अंतिम दिन श्रद्धालुओं के लिये भावुक भरा रहा। अंतिम दिन प्रभु श्रीराम को वनवास के आदश व भरत मिलाप ने सभी को भावुक कर दिया। कार्यक्रम में अतिथि के रूप मे उपस्थित विधायक दिलीपसिंह परिहार, नपाध्यक्ष श्रीमती स्वाती गौरव चौपडा, कलेक्टर दिनश जैन, जिला पुलिस अधीक्षक अमित तोलानी, एसडीएम श्रीमती ममता खेडे, संतोष चौपडा, श्रीमती सुचित्रा परिहार सीएमओ महेन्द्र वषिष्ट, नपा सभापति श्रीमती कुसुम अशोक जोशी, ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया व प्रभु श्रीराम का चित्र बनाने वाले प्रख्यात चित्रकार राहुल लोहार का सम्मान किया।

# आरटीआई अग्निहोत्री के नेतृत्व में नयागांव बैरियर पर गत वर्ष 2022 की तुलना में 40 प्रतिशत की राजस्व में बढ़ोत्तरी




**नीमच।** आरटीओ बैरियर नयागांव में पदस्थ आरटीआई केपी अग्निहोत्री और उसके स्टाफ ने पूर्ण मनोयोग तथा कड़े परिश्रम से शासन के राजस्व वसूली के कार्य के साथ शासन के वरिष्ठ अधिकारियों के आदेशों तथा निर्देशों का पालन वाहनों पर पूर्ण सजकता से करवाया गया। अंतर्राज्यीय सीमा होने से अवैध रूप से ओव्हर लोड वाहनों एवं यात्री वाहनों को बैरियर में चेक कर उनके विरोध कड़ी कार्रवाई की गई। अभी हाल में संपन्न विधानसभा चुनाव में पुलिस विभाग के साथ संयुक्त रूप से वाहनों की चेकिंग में प्रभावी कार्यवाही करके परिवहन चेक पोस्ट नयागांव में राजस्थान राज्य से बड़ी मात्रा में अवैध रूप से लाई जा रही चांदी को पकड़ने में आरटीआई केपी अग्निहोत्री को प्रदेश के परिवहन आयुक्त के द्वारा पुरस्कृत भी किया गया है। चुनाव आयोग/जिला निर्वाचन अधिकारी के निर्देशों के पालन में संयुक्त चेकिंग टीम में अवैध रूप से संचालित शराब की जप्ती में भी उल्लेखनीय कार्य आरटीआई केपी अग्निहोत्री के द्वारा किया गया है।

नयागांव चेक पोस्ट से गुजरने वाले वाहनों की चेकिंग हेतु कंप्यूटरीकृत बैरियर है जिसमें ऑनलाइन वहानों से संबंधित संपूर्ण जानकारी सर्वर के माध्यम से आरटीओ मुख्यालय से जुड़ी हुई है। माल वाहनों में मोटरयान अधिनियम का उल्लंघन पाए जाने तथा अन्य अपराधों पर कंप्यूटरीकृत ऑनलाइन शासन के शमन शुल्क, जुर्माना एवं टैक्स की राजस्व वसूली में वृद्धि की गई है। गत वर्ष अगस्त-दिसंबर 2022 की तुलना में आरटीआई केपी अग्निहोत्री की पदस्थापना माह अगस्त-दिसंबर 2023 में शासकीय राजस्व में 40 प्रतिशत की वृद्धि की गई है।

**माह - अगस्त 2022 से दिसंबर 2022 तक कुल राजस्व 20011350.00 रुपए**

**माह - अगस्त 2023 से दिसंबर 2023 तक कुल राजस्व 28036360.00 रुपए**


**गत वर्ष 2022 की तुलना में 40 प्रतिशत की राजस्व में बढ़ोत्तरी**

उल्लेखनीय है कि शासन के आदेशों के पालन में बैरियर से गुजरने वाले ट्रैक्टर ट्रालियों में रिफ्लेक्टर लगाने का कार्य भी बैरियर स्टाफ ने अभियान चलाकर किया गया है इसके अतिरिक्त चेक पोस्ट से गुजरने वाले वाहनों यात्री वाहनों की सतत जांच की जाकर अनियमितता पाए जाने पर उनसे सामान शुल्क जुर्माना वसूल किया जाकर गत वर्ष 2022 शासन के राजस्व में 40 प्रतिशत की बढ़ोत्तरी की गई।










## एसपी अमित तोलानी के मार्गदर्शन में नीमच सिटी थाना प्रभारी योगेंद्रसिंह सिसोदिया टीम को मिली बड़ी सफलता

# लूट सहित अन्य गंभीर अपराध में फरार 30 हजार रूपये के ईनामी आरोपी को किया गिरफ्तार

नीमच। थाना नीमच सिटी के अपराध क्रमांक 330/2023 धारा 397,394,353,332,333,307,224 भादवि एवं 25,27 आर्म्स एक्ट में 30 हजार रूपये के ईनामी बदमाश को गिरफ्तार करने में थाना नीमच सिटी को मिली सफलता


घटना का विवरण घटना का संक्षिप्त विवरण इस प्रकार है कि दिनांक-15.06 2023 को नरेन्द्र पिता गोवर्धन बावरी निवासी सोकडी थाना पिपलय मण्डी, लखन पिता राजू बावरी निवासी 88 क्वाटर पिपल्या मण्डी तथा दिनेश पिता शांतीलाल बावरी निवासी बण्डपिपल्या के द्वारा थाना सदर निम्बाहेडा के अप क्र. 199/2023 धारा 394, 34 भादवि में राजस्थान पुलिस द्वारा मध्यप्रदेश के जिला मंदसौर में विवेचना के दौरान प्रायवेट वाहन स्कर्पियो में उपरोक्त संद्विग्ध आरोपियों जिनको राजस्थान पुलिस द्वारा हिरासत में लेकर राजस्थान ले जाया जा रहा था कि घटना स्थल जैतपुरा फन्टा पुलिस थाना नीमच सिटी जिला पर अचानक राजस्थान पुलिस पर हमला कर उनि नारुलाल से पिस्टल एवं पुलिस बल के पास से पंप एक्शन मय राउण्ड छीन कर पुलिस बल पर जान से मारने की नियत से पिस्टल से फायर कर दिया जिससे उनि नारुलाल की जाँघ पर गोली लगी एवं राम अवतार के उँगली पर फायर करने से तथा आर नारायण व आर जगदीश के हाथापाई करने से शरीर पर चोटे आई और आरोपीगण राजस्थान पुलिस से शासकीय हथियार पीस्टल 9 एमएम बट नं. 140 मग 5 राउण्ड एवं पम्प एक्शन गन बट न. 65 मय 5 राउण्ड एवं मोबाईल छीन कर भाग गये। उक्त घटना से क्षेत्र में सनसनी व्याप्त होकर क्षेत्र में भय का माहौल पैदा हो गया था। रिपोर्ट पर से थाना निम्बाहेडा सदर के पुलिस बल कि रिपोर्ट पर से थाना नीमच सिटी पर अपराध क्रमांक-330/2023 धारा-397,394,353,332,333,307,224 भादवि एवं 25,27 आर्म्स एक्ट का कायम कर विवेचना में लिया गया।

घटना कि गंभीरता को देखते हुए पुलिस महानिरीक्षक उज्जैन जोन श्री संतोष कुमार सिंह, के द्वारा घटना में फरार आरोपीयों कि गिरफ्तारी हेतु 30-30 हजार रूपये नगद ईनाम कि उदघोषणा कि गई थी । प्रकरण के दो आरोपी नरेन्द्र पिता गोवर्धन बावरी निवासी सोकडी थाना पिपलय मण्डी, लखन पिता राजू बावरी निवासी 88 क्वाटर पिपल्या मण्डी को नीमच सिटी पुलिस द्वारा पूर्व में गिरफ्तार कर आरोपीयों के कब्जे से लूटे हुए हथीयार बरामद कर लिये गये थे किंतु गेग का मुख्य सरगना दिनेश पिता शांतीलाल बावरी निवासी बण्डपिपल्या का घटना दिनांक से लगातार फरार था। आरोपी दिनेश बावरी काफी शातीर किस्म का बदमाश है जो पुलिस पर भी हमला करने के लिये उसी के द्वारा अपने साथीगणों को उकसाया था।

आरोपी दिनेश बावरी थाना निम्बाहेडा के अपराध: क्रमांक- 199/23 धारा 394,34 भादवि में थाना मल्हारगढ़ के अपराध क्रमांक- 148/23 धारा-394,341,294,34 भादवि में भी फरार होकर आरोपी कि गिरफ्तारी पर 10 हजार रूपये का ईनाम घोषित किया गया है। उक्त आरोपी की गिरफ्तारी हेतु पुलिस अधीक्षक अमित तोलानी के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक नवलसिंह सिसौदिया तथा नगर पुलिस अधीक्षक यशस्वी शिन्दे के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी नीमच सिटी योगेन्द्र सिंह सिसोदिया तथा थाना प्रभारी बघाना पुष्पा सिंह चौहान के नेतृत्व में थाना नीमच सिटी बघाना तथा चौकी केसुन्दा के पुलिस बल द्वारा संयुक्त कार्यवाही करते हुए सूचना के आधार पर फरार आरोपी दिनेश पिता शांतीलाल बावरी निवासी बण्डपिपल्या को धामनिया के जंगलो से गिरफ्तार करने में सफलता मिली। आरोपी से घटना तथा साथीदारान के संबंध में पुछताछ कि जा रही है।

गिरफ्तार आरोपी दिनेश पिता शांतीलाल मोंगिया (बावरी) उम्र 25 साल निवासी बण्डपिपल्या थाना नारायणगढ़ जिला- मंदसौर अपराधिक रिकार्ड- आरोपी दिनेश पिता शांतीलाल बावरी निवासी बण्डपिपल्या के विरूद्ध थाना नीमच सिटी पर अपराध क्रमांक- 330/2023 धारा-397,394,307, 353, 332,333,224 भादवि 25,27 आर्म्स एक्ट 2. अपराध क्रमांक- 382/23 धारा 379 भादवि 3. थाना मल्हारगढ पर अपराध क्रमांक- 148/23 धारा- 394,341, 294,34 भादवि एवं थाना निम्बाहेडा सदर पर अपराध क्रमाक 199/23 धारा- 394,34 भादवि का पंजीबद्ध है।

उल्लेखनीय भूमिका उक्त महत्वपुर्ण सफलता मे नीमच सिटी थाना प्रभारी निरीक्षक योगेन्द्र सिंह सिसौदिया निरीक्षक पुष्पा सिंह चौहान था.प्र. बघाना सउनि अर्जुन सिंह चौकी प्रभारी केसुन्दा , प्र.आर नीरज प्रधान, प्र.आर. अजीत सिंह, प्रआर अनिल कुमार, प्र.आर प्रदीप शिन्दे (सायबर सेल), आरक्षक लक्की शुक्ला, आरक्षक महेन्द्र कुमार, आरक्षक ओमप्रकाश यादव (थाना बघाना) की मुख्य भुमिका रही।




स्वत्वाधिकारी, सम्पादक, प्रकाशक एवं मुद्रक ऐश्वर्य शर्मा के लिए माँ भगवती प्रिन्टर्स बंगला-23, नीमच, जिला-नीमच, मध्यप्रदेश से मुद्रित एवं प्रकाशित। सम्पर्क: ऐश्वर्य शर्मा (संपादक)- 9407423966, राधवेन्द्र शर्मा (प्रबंधक)- 9301678930। सभी विवादों का न्याय क्षेत्र नीमच होगा।